दिन–सोमवार दिनांक– 10 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. आरा के गोपाली चौक के पास अपराधियों ने एक आभूषण शोरूम से लगभग पच्चीस करोड़ रुपये मूल्य के जेवरात लूटे। पुलिस ने दो अपराधियों को किया गिरफ्तार।
02. प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बर्ड फ्लू के मामले सामने आने के बाद सरकार ने हाई अलर्ट जारी किया। जहानाबाद और पटना के बाद अब भागलपुर और मुंगेर में भी बर्ड फ्लू की हुई पुष्टि।
03. राज्य सरकार ने कहा– केंद्र सरकार की तर्ज पर वेतन आयोग को पूरी तरह लागू करना राज्य के लिए बाध्यकारी नहीं है।
04. और, पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आज से नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की शुरूआत हुई।

---

आरा नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपाली चौक के पास अपराधियों ने एक आभूषण शोरूम से लगभग पच्चीस करोड़ रुपये मूल्य के जेवरात लूट लिए। पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने बताया कि बरहरा थाना पुलिस ने बबुरा छोटी पुल के पास तीन मोटर साइकिल सवार अपराधियों को रोकने की कोशिश की जिसके बाद अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो अपराधियों को गोली लगी जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके पास कुछ जेवरात भी बरामद किए गए हैं। वहीं, चार अन्य अपराधी भागने में सफल रहे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गौरतलब है कि आज सुबह छह की संख्या में आए अपराधियों ने हथियार के बल पर शोरूम का शटर बंद कर लूट की घटना को अंजाम दिया था। अपराधियों ने शोरूम के गार्ड से बंदूक भी लूट ली थी।

---

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बर्ड फ्लू के मामलें सामने आने के बाद सरकार ने हाई अलर्ट जारी किया है। जहानाबाद और पटना के बाद अब भागलपुर और मुंगेर में भी बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। भागलपुर में प्रशासन ने पांच हजार मुर्गे और मुर्गियों को

मारने का निर्देश दिया है। इधर, पटना स्थित संजय गांधी जैविक उद्यान में ऐतिहात बढ़ा दी गई है।

---

राज्य सरकार ने कहा है कि केंद्र सरकार की तर्ज पर वेतन आयोग को पूरी तरह लागू करना राज्य के लिए बाध्यकारी नहीं है। विधान सभा में कांग्रेस के अजय कुमार सिंह के प्रश्न के जवाब में प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि राज्य में वर्ष दो हजार सत्रह में सातवें वेतन आयोग की रिपोर्ट लागू की गई थी। इसके कई मुख्य प्रावधानों को लागू किया गया था। कांग्रेस सदस्य ने केंद्रीय कर्मियों की भांति राज्यकर्मियों को ग्रुप इंश्योरेंस, ग्रेच्युटी और अन्य सुविधा देने की मांग की थी। उन्होंने सरकार द्वारा दिए गए उत्तर को चुनौती देते हुए कहा कि महंगाई भत्ता पचास प्रतिशत से अधिक होने पर ग्रेच्युटी को बीस लाख से बढाकर पच्चीस लाख किया जाये। सीपीएम के अजय कुमार ने इस मुद्दे पर सरकार को भी घेरा ।

---

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने दावा किया है कि बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को दो सौ पच्चीस से अधिक सीटों पर जीत मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोग अब राजद पर भरोसा करने वाले नहीं हैं।

———बाइट———

इधर, लोजपा—आर की सांसद शांभवी  ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के बाद इंडी गठबंधन पूरी तरह समाप्त हो जायेगा।

———बाइट———

---

भाजपा सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल ने कहा है कि इंडी गठबंधन को यदि बिहार विधानसभा चुनाव में पचास सीटों पर भी जीत मिलती है, तो यह एक बड़ी बात होगी। संवाददाताओं से बातचीत में डॉक्टर जायसवाल ने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव खुद एक डूबती नाव हैं।

———बाइट———

---

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि एनडीए में शामिल दलों को आरक्षण से कोई मतलब नहीं है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री यादव ने आरोप लगाया कि एनडीए में शामिल दल केवल सत्ता में बने रहना चाहते हैं।

———बाइट———

---

पूर्णियां से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने तेजस्वी प्रसाद यादव के उस बयान की कड़ी आलोचना की है कि जिसमें उन्होंने कहा था कि राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और स्वयं उन्हें महागठबंधन में निर्णय लेने का अधिकार है। श्री यादव ने कहा कि महागठबंधन में कोई भी निर्णय सामूहिक होता है। उन्होंने कहा कि राजद के कोई भी नेता अकेले गठबंधन में निर्णय नहीं ले सकते हैं।

———बाइट———

---

कांग्रेस सोलह मार्च से पलायन रोको नौकरी दो पद यात्रा की शुरूआत करेगी। पटना स्थित प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में पार्टी के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने ये घोषणा की। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई और युवा कांग्रेस की ओर से चंपारण के भीतिहरवा आश्रम से पद यात्रा की शुरूआत होगी।

———बाइट———

——————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस जा रहे हैं। श्री मोदी मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री की यात्रा पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से भोजपुरी में विशेष बातचीत का प्रसारण कल आठ बजकर पन्द्रह मिनट पर आकाशवाणी के पटना समेत कई अन्य केन्द्रों से किया जायेगा।

———बाइट———

——————————————————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना के कार्यान्वयन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जायेगा। विधान सभा में एक प्रश्न के उत्तर में उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि यह समिति सामाजिक–आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट के वैज्ञानिक तरीके से इस्तेमाल पर सुझाव देगी। श्री मिश्रा ने कहा कि योजना के तहत वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस के लिए चालीस हजार से अधिक जबकि वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए लगभग साठ हजार लाभार्थियों का चयन किया गया है।

———बाइट———

——————————————————————————————

पुरवा हवा के प्रभाव से राज्य के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान तैंतीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की और बढ़ोतरी हो सकती है।

———बाइट———

---

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आज से नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की शुरूआत हुई। इस प्रतियोगिता में छब्बीस राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के पांच सौ से अधिक महिला और पुरूष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता बारह मार्च तक चलेगी।

---

आईआरसीटीसी सत्ताईस मार्च को बेतिया से भारत गौरव ट्रेन का परिचालन करेगी। आईआरसीटीसी के संयुक्त महाप्रबंधक राजेश कुमार ने समस्तीपुर में बताया कि इस ट्रेन के माध्यम से श्रद्धालु दक्षिण भारत के विभिन्न तीर्थस्थलों का दर्शन कर सकेंगे।

———बाइट———

---

झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र के राजनगर और वैशाली लोकसभा क्षेत्र के बखरा में जल्द ही पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र की शुरूआत होगी। पटना के क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने बताया कि बाईस मार्च को इन दोनों पासपोर्ट सेवा केन्द्रों का औपाचारिक तौर पर शुभारंभ होगा। राज्य में अभी पैंतीस पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र संचालित हैं।

---

पटना के बुद्धा कॉलोनी थाना अंतर्गत बिहार राज्य भारत स्काउट एंड गाईड कार्यालय परिसर में अपराधियों ने एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी।

---

औरंगाबाद जिले के अंबा थाना क्षेत्र के काम बिगहा गांव में पुलिस ने छापेमारी कर पांच तस्करों को भारी मात्रा मे शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

---

अररिया जिले की उत्पाद अदालत ने शराब तस्करी के दोषी सिकंदर बहरदार को छह वर्ष कारावास और एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

01. आरा के गोपाली चौक के पास अपराधियों ने एक आभूषण शोरूम से लगभग पच्चीस करोड़ रुपये मूल्य के जेवरात लूटे। पुलिस ने दो अपराधियों को किया गिरफ्तार।
02. प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बर्ड फ्लू के मामले सामने आने के बाद सरकार ने हाई अलर्ट जारी किया। जहानाबाद और पटना के बाद अब भागलपुर और मुंगेर में भी बर्ड फ्लू की हुई पुष्टि।
03. राज्य सरकार ने कहा– केंद्र सरकार की तर्ज पर वेतन आयोग को पूरी तरह लागू करना राज्य के लिए बाध्यकारी नहीं है।
04. और, पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आज से नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की शुरूआत हुई।

---

समाप्त